# वाणिज्य में स्नातक
# (बी. कॉम)

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

## बी. सी. ओ. सी. -138: लागत लेखांकन

सत्रीय कार्य
**2021—22**

जांच सत्रीय कार्य की अवधि -1st जनवरी 2022 से 31st दिसम्बर 2022

**चतुर्थ सत्र**


इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

# बी. सी. ओ. सी. -138: लागत लेखांकन

## सत्रीय कार्य 2021–22

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2021 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2021 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसंबर 2021 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे उसको 15 अक्टूबर 2021 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **बी. सी. ओ. सी. -138** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **लागत लेखांकन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **बी. सी. ओ. सी. -138 / टी. एम. ए./ 2021 - 22** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खण्ड - क**

**1.** लागत लेखांकन की परिभाषा लिखिए। इसके क्या लाभ हैं ? लागत निर्धारण प्रणाली की स्थापना से पहले किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है? **(2+4+4)**

**2.** i) दिए गए आंकड़ों की सहायता से निम्नलिखित की गणना कीजिए: **(10)**

(क) पुनरादेश सीमा

(ख) न्यूनतम स्टॉक सीमा

(ग) अधिकतम स्टॉक सीमा

पुनरादेश मात्रा = 30,000 इकाई

आपूर्ति के लिए आवश्यक समय = 2-4 सप्ताह

अधिकतम उपभोग = 8000 इकाई प्रति माह

सामान्य उपभोग = 5000 इकाई प्रति माह

न्यूनतम उपभोग = 3000 इकाई प्रति माह

ii) दिए गए आंकड़ों से न्यूनतम स्टॉक सीमा स्तर की गणना कीजिए:

नेट सामान्य उपभोग = 400 इकाई प्रति सप्ताह

सामान्य पुनरादेश समय = 5 सप्ताह

सामान्य पुनरादेश स्तर - 3500 इकाई

**3.** प्रेरणात्मक योजनाओं का क्या अर्थ है? प्रेरणात्मक योजनाओं की मुख्य विशेषताएं क्या हैं? प्रमुख प्रेरणात्मक योजनाओं की व्याख्या कीजिए। **(2+2+6)**

**4.** अवशोषण के महत्व को स्पष्ट कीजिए। अवशोषण की किन्हीं चार विधियों की व्याख्या कीजिए। **(2+8)**

**5.** निम्नलिखित आंकड़ों से मशीन घंटा दर की गणना कीजिए: **(10)**

| | रु. |
|---|---|
| मशीन की लागत | 100,000 |
| स्थापित करने की लागत | 10,000 |
| 15 वर्ष के पश्चात स्क्रेप मूल्य | 5,000 |
| दुकान का प्रति माह किराया | 200 |
| दुकान में प्रति माह प्रकाश करने में खर्च | 300 |
| मशीन का बीमा करने की प्रति वर्ष लागत | 960 |
| मरम्मत प्रति वर्ष | 1,000 |
| प्रति घंटा दस इकाई पावर | |
| प्रति सौ इकाई पावर की दर | 20 |
| दुकान के सुपरवाइजर के तनख्वाह प्रति माह | 600 |
| अनुमानित कार्य घंटे प्रति वर्ष | 1,000 |

दुकान के कुल क्षेत्रफल के चौथाई हिस्से में मशीन स्थापित है। सुपरवाइजर अपने कुल समय का 1/3 भाग मशीन पर खर्च करता है।

**खण्ड - ख**

**6.** लागत की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए । लागतों को किस प्रकार वर्गीकृत किया जाता है? **(6)**

**7.** सामग्री नियंत्रण के क्या लाभ हैं? इसकी आधारभूत आवश्यकताओं को सूचीबद्ध कीजिए। **(3+3)**

**8.** उन विभिन्न शीर्षकों को स्पष्ट कीजिए जिनके आधार पर सामग्री की लागत की गणना की जाती है? **(6)**

**9.** उपरिव्यय संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। उनको किस प्रकार वर्गीकृत किया जाता है? **(2+4)**

**10.** ठेका लागत निर्धारण की परिभाषा लिखिए। इसके विशिष्ट लक्षणों को स्पष्ट कीजिए। **(2+4)**

## खण्ड - ग

**11.** निम्नलिखित में अंतर कीजिए: **(10)**

क) केंद्रीकृत क्रय और विकेंद्रीकृत क्रय

ख) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष श्रम

ग) उपरीव्ययों के स्थिर और परिवर्तनशील शुल्क

घ) संयुक्त उत्पाद और उपोत्पाद

**12.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट लिखिए: **(10)**

क) सेवा लागत निर्धारण

ख) कुल लागत के तत्व

ग) स्टॉक नियंत्रण

घ) लागत शीट बनाना